नईदुनिया

Raipur: नकली दवा बेचने वाले सप्लायर पर ड्रग डिपार्टमेंट की बड़ी कार्रवाई, धड़ल्ले से बेच रहा था डुप्लीकेट आइ ड्राप

रायपुर। Fake Medicines in Raipur: राजधानी रायपुर में खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने आंखों के इंफेक्शन की नकली दवा (Fake Eye Drop) बनाने और बेचने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने रायपुर में नकली दवाओं के सप्लायर के साथ एक मेडिकल स्टोर पर दबिश देकर भारी मात्रा में नकली आइ ड्राप जब्त किया है।

ड्रग डिपार्टमेंट ने नकली आइ ड्राप जब्त की

सहायक औषधि नियंत्रक बसंत कुमार कौशिक ने बताया कि तेलीबांधा स्थित छत्तीसगढ़ आई हॉस्पिटल के साई मेडिकल स्टोर्स से नकली आइ ड्राप की बेची जा रही थी। इस जानकारी मिलने पर टीम ने दबिश देकर मेडिकल स्टोर से नकली आइ ड्राप को जब्त किया है। इसके बाद टीम ने नकली दवाइयों के सप्लायर शकुंतला डिस्ट्रीब्यूटर्स के यहां कार्रवाई कर भारी मात्रा में नकली आइ ड्राप जब्त की है।

Source: https://www.naidunia.com/chhattisgarh/raipur-drug-department-took-major-action-against-a-supplier-selling-duplicate-medicines-in-raipur-he-was-selling-fake-eye-drops-8283975